आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 199 | उज्जैन, मंगलवार 10 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रूपया

# भोपाल सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में बना रहा है पहचान मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम निर्माण से बढ़ेगी भोपाल की आभा और कीर्ति



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल, सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी। भोपाल में राजा भोज के नाम से भोज द्वार बनाने का संकल्प लिया था, हनुमत धाम निर्माण भी इसी दिशा में एक कदम है। सम्राट विक्रमादित्य सहित भारतीय संस्कृति से जुड़े सभी गौरवशाली पक्षों को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज के रतनपुर भोपाल में बन रहे हनुमत धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका ÷कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज-बाबा का हनुमत धाम÷ का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में बाबा का धाम बनाने का राम राज बाबा नीब करौरी चैरिटेबल ट्रस्ट का संकल्प स्वागत योग्य है। बाबा से जुड़े कार्यक्रम में सम्मिलित होना सौभाग्य का विषय है। धाम निर्माण का संकल्प एक अध्यात्मिक युग के सूत्रपात जैसा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कैंची धाम की महिमा देश-विदेश में अनुभव की जा रही है। वैश्विक स्तर पर उनके अनुभवों और संदेशों से लोग प्रेरणा ले रहे हैं। भोपाल का यह धाम सम्पूर्ण प्रदेश और आस-पास के राज्यों के लिए बाबा के आशीर्वाद का केन्द्र बनेगा।

## मणिपुर में फिर हालात बेकाबू, प्रदर्शनकारियों ने सरकारी दफ्तर फूंका; सुरक्षाबलों पर भी किया हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर से लगातार हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं। मैतई समुदाय के लोगों की सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ देखने को मिली। इस दौरान मैतई समुदाय के लोगों ने सरकारी इमारतों में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार इस हिंसा के पीछे की वजह मैतई समुदाय के नेता समेत 4 की कथित गिरफ्तारी को बताया जा रहा है।

सुरक्षाबलों पर किया हमला- सोमवार को मणिपुर के कई हिस्सों पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच अचानक झपड़ होने लगी। इंफाल पश्चिम के क्वाकेइथेल और सिंगजामेई में प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया। हालात इतने बिगड़ गए कि स्थित पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोलों और रबर बुलट का इस्तेमाल किया।

प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के सब डिविजनल कलेक्टर के दफ्तर में आग लगा दी। इससे इमारत को काफी नुकसान हुआ और कई आधिकारिक रिकॉर्ड आग में जलकर राख हो गए।

## पुलवामा, पहलगाम, धारा 370 हर समस्या का सामना किया, जेपी नड्डा ने गिनाईं मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के आज 11 साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा, पिछले 11 सालों में हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं। जेपी नड्डा ने आगे कहा, देश मान चुका था कि ये संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया।

लोकसभा में टर्नआउट 58.46 प्रतिशत रहा, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में टर्नआउट 63 प्रतिशत रहा। ये बदलाव, मोदी सरकार के फैसलों की वजह से आया है। जेपी नड्डा ने आगे कहा, भविष्यदर्शी और दूरदर्शी सरकार का सबसे बड़ा उदाहरण विकसित भारत विजन का साकार होना है।

जेपी नड्डा ने आगे स्वच्छ भारत अभियान पर भी बात की, उन्होंने कहा, स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ शौचालय बनाने तक सीमित नहीं है, स्वास्थ्य के नजरिए से देखें तो भी हमें स्वच्छ भारत अभियान का सीधा फायदा मिला है।

## ऑपरेशन सिंदूर में छाए लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को मिली एक और जिम्मेदारी, डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बनाए गए




नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई मीडिया में लगातार सुर्खियां बटोर रहे थे। पाकिसतान के डीजीएमओ ने सीजफायर के लिए राजीव घई को ही फोन किया था। वहीं, अब राजीव घई से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। भारत सरकार ने उन्हें डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया है। इसके साथ ही वो भारत के डीजीएमओ के पद पर भी कार्यरत रहेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी- रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान के साथ इस खबर की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय सेना और खुफिया एजेंसी समेत अन्य अहम विभागों के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) की पोस्ट बनाई गई है। यह भारतीय सेना के अहम पदों में से एक होगा।

बता दें कि 4 जून को हुए रक्षा अलंकरण समारोह 2025 के दौरान लेफ्टिनेंट राजीव घई को उत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लीड किया था। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन ने सीजफायर के लिए लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन किया था, जिसके बाद 12 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का एलान किया था।

मणिपुर का किया था दौरा- फरवरी में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई मणिपुर का भी दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने भारत म्यांमार सीमा का भी जायजा लिया था। मणिपुर दौरे के दौरान उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मुख्य सचिव और डीजीपी से भी मुलाकात की थी।

## ऐसा लगता है कि वो 130 साल के व्यक्ति... शुंभाशु की प्रतिभा के मुरीद हुए साथी अंतरिक्षयात्री




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत मंगलवार को अंतरराष्टीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के सफर पर रवाना होने वाले हैं। इस मिशन पर शुभांशु के साथ जाने वाले उनके साथी अंतरिक्षयात्री उनकी प्रतिभा के कायल हैं। वे शुंभाशु को प्यार से शक्स कहते हैं।

शुभांशु के साथ जाने वाले अंतरिक्षयात्रियों में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की, हंगरी से टिबोर कापू और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन शामिल हैं। टिबोर कापू ने कहा, शक्स (शुंभाशु की बुद्धिमत्ता और उनके ज्ञान से पता चलता है कि जैसे उनकी उम्र 130 साल हो।

अनुभवी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ओर मियान की कमांडर व्हिटसन जिन्होंने अंतरिक्ष में 675 दिन बिताए हैं और 10 अंतरिक्ष चहलकदमी की है ने कहा, मेरे लिए, ड्रैगन कैप्सूल में उन्हें पायलट के रूप में रखना बहुत अच्छी बात है। वह अंतरिक्ष से संबंधित तकनीक में पहले से ही बहुत निपुण हैं। विस्नीवस्की ने कहा, शुंभाशु शीघ्र निर्णय लेने में पारंगत हैं। शुंभाशु ने भी अपने साथियों की प्रशंसा की। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये मंगलवार को भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 52 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। शुभांशु ने एक्सिओम स्पेस द्वारा जारी एक वीडियो में कहा, यह अद्भुत यात्रा रही है।

## विझिनजम पोर्ट पर आज पहुंचेगा दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज MSC Irina



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर पोत एमएससी इरिना सोमवार को विझिनजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर पहुंचेगा और मंगलवार तक यहां लंगर डालेगा। टीईयू क्षमता के आधार पर यह विश्व का सबसे बड़ा पोत है। इस विशालकाय पोत का यहां आगमन इस बंदरगाह के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे दो मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया था। एमएससी इरिना की क्षमता 24,346 टीईयू है, जो इसे वैश्विक शिपिंग में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है।

# भारत-चीन की दोस्ती क्यों कराना चाहता रूस? RIC को फिर से एक्टिव कराने में जुटे पुतिन



नई दिल्ली (एजेंसी)। खुद को दुनिया के सबसे बड़े पीसमेकर कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने की कोशिश कर चुके हैं। ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और पुतिन से मिलने की इच्छा जाहिर की, लेकिन नतीजा बेअसर रहा। ट्रंप की बात मानने को न तो रूस तैयार है और न ही यूक्रेन।

दूसरी तरफ रूस चुपचाप अपनी एशियाई रणनीति को नए सिरे से तैयार करने में जुटा है। रूस लगातार भारत के साथ हथियारों के सौदे और कूटनीतिक संपर्क बढ़ाता जा रहा है। हालांकि, यह बात अमेरिका को रास नहीं आ रही।

इसी बीच पश्चिम देशों को चुनौती देने के लिए रूस ने फिर से रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय संवाद को शुरू करने की पहल की है। 29 मई को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक सुरक्षा सम्मेलन में कहा था कि अब समय आ गया है कि इस मंच को फिर से पुनर्जीवित किया जाए।

आइए पहले समझ लें कि यह आरआईसी त्रिपक्षीय संवाद क्या है। दरअसल, साल 1990 के दशक के अंत में रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रीमाकोव ने यूरेशिया क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के लिए तीनों देशों के बीच रिश्तों में मजबूत करने कोशिश की थी।

इस मंच के तहत अब तक 20 से अधिक मंत्रिस्तरीय बैठक हो चुकी हैं। हालांकि, साल 2020 में गलवान घाटी में हुए भारत-चीन संघर्ष के बाद त्र्कुष्ट की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में काफी गरमाहट देखी जा सकती है। यह बात न तो रूस और चीन, दोनों को पसंद नहीं आ रही।

रूस का मानना है कि QUAD जैसे ग्रुप चीन को उकसा रहे हैं। वहीं, NATO, भारत को चीन विरोधी षड्यंत्रओं में शामिल करने की कोशिश में जुटा है। वहीं, RIC एक स्वतंत्र और संतुलित मंच है, जो पश्चिम देशों का मुकाबला कर सकती है।

भले ही भारत लगातार रूस से सैन्य सामग्री खरीद रहा है। वहीं, रूस के सैन्य उपकरणों पर भारत को पूरा भरोसा भी है, लेकिन देश, अमेरिका और इजरायल जैसे देशों के साथ भी रक्षा उपकरणों को खरीदने पर जोर दे रहा है।

# भारत-अमेरिका के बीच दोस्ती या मजबूरी, ट्रंप क्यों लागू नहीं कर पा रहे अपनी नीतियां?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी विदेश नीति में काफी बड़े बदलाव कर रहे हैं। पिछले कुछ दशकों से भारत-अमेरिका संबंध बेहतर हो रहे हैं। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना खुद अमेरिका के हित में है और यह अमेरिकी प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह भारतीय विदेश नीति की अनदेखी ना करे।

विदेश नीति के जानकार और जेएनयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि अमेरिका आंतरिक संकटों से गुजर रहा है तथा अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप अपनी कई नीतियों को लागू कराने में असमर्थ दिख रहे हैं। वैश्विक मुद्दों पर देशों के बीच मूल्य आधारित सहयोग को सीमित करना या उसे कमजोर करना अमेरिकी नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

हालांकि, यह कहना कि अमेरिका भारत के हितों को नजरअंदाज करके द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाना चाहता है, यह जल्दबाजी होगी । कुछ मामलों में, अमेरिका भारत के साथ अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी पर जोर दे सकता है, लेकिन यह हमेशा भारत के हितों के साथ पूरी तरह से मेल नहीं खा सकता है।

उदाहरण के लिए, अमेरिका भारत के साथ सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, चीन का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत साझेदारी चाहता है, लेकिन यह भारत के लिए अपनी सुरक्षा एवं रणनीतिक हितों के लिहाज से भी आवश्यक है।

पाकिस्तान को कब मिला था गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा- डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक, ऐतिहासिक रूप से देंखे तो शीत-युद्ध के दौरान सोवियत संघ के खिलाफ इस क्षेत्र में पाकिस्तान अमेरिका का सहयोगी था। 1987 में अमेरिका ने पाकिस्तान को गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दिया था, जो आज भी जारी है। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तान को गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा प्राप्त होना तथा तुर्की जैसे देशों का नाटो का सदस्य होना वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ अमेरिकी नीति पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शीत युद्ध के बाद के युग में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। दोनों देशों के रिश्ते अलगाव से जुड़ाव में बदल गए। इस बदलाव के पीछे कई राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक कारक थे। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद अमेरिका ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र के प्रति अपनी नीतियों को नया आकार दिया है।

अमेरिका ने भारत के साथ एक समावेशी आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक साझेदारी विकसित की, और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक विस्तारवादी नीतियों ने दोनों दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

# ईरान में 20 से ज्यादा शहरों में कुत्तों को घुमाने पर लगी रोक, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई; क्यों लिया गया ये फैसला?

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान ने सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 से ज्यादा शहरों में कुत्तों के घुमाने पर बैन लगा दिया है। तेहरान स्थित फराज न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जिन शहरों में प्रतिबंध लगाया गया है उनमें करमानशाह, इलम, हमादान, करमान, बोरूजेर्ड, रोबत करीम, लवसनात और गोलेस्तान शामिल हैं।



इसी तरह के बैन सबसे पहले 2019 में राजधानी तेहरान में लगाए गए थे, जिससे नागरिकों के बीच और आलोचना हुई थी। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया है कि कुत्तों को टहलाना लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। उनका यह भी तर्क है कि कुत्तों को टहलाना सुरक्षा संबंधी मुद्दों को जन्म दे सकता है।

कुत्तों के मालिक पर हो रही कार्रवाई- हालांकि उन्होंने इस कदम को लेकर कोई विशेष जानकारी नहीं दी है। रिपोर्टों के अनुसार, अधिकारी प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले कुत्तों के मालिकों पर कार्रवाई कर रहे हैं, जिसके कारण गिरफ्तारी और प्रतिरोध हो रहा है। सुधारवादी अखबार एतेमाद ने रविवार को इलाम शहर के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस खबर में कोई अन्य अपडेट नहीं था। ईरान के सरकारी अखबार ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है

ईरान में कुत्तों को टहलाना प्रतिबंधित क्यों है- स्थानीय निर्देशों और पुलिस के आदेशों के जरिए प्रतिबंध लगाया गया है क्योंकि कोई राष्ट्रीय कानून पारित नहीं हुआ है। हालांकि, ईरान के दंड संहिता और संविधान में कुछ ऐसे अनुच्छेद हैं जो अधिकारियों को ऐसे प्रतिबंध लगाने में सक्षम बनाते हैं।

## क्या जेल से बाहर आएंगे इमरान खान? किस मामले में इस्लामाबाद HC दे सकती है जमानत?




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने दावा किया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान को अब जमानत मिल जाएगी। इसके लिए 11 जून की तिथि बहुत ही महत्वपूर्ण है। मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा पार्टी का मार्गदर्शन करती रहेगी।

किस मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को मिल सकती है जमानत- इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 11 जून को जमानत मिल सकती है। पार्टी के शीर्ष नेता ने कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट 11 जून को 190 मिलियन पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी बुशरा की सजा खत्म करने से संबंधित दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

उन्होंने घोषणा की कि पीटीआइ अन्य विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर एक आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने विपक्षी पार्टियों से पाकिस्तान की सुरक्षा और अस्तित्व के लिए पीटीआइ के साथ आने की अपील की। कहा कि आगामी बजट के लिए एक योजना तैयार की गई है। इस संबंध में नौ जून को एक महत्वपूर्ण प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

## 42 करोड़ के घर में रहने वाली महिला की एक हरकत से परेशान पड़ोसियों ने बेचे अपने फ्लैट



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के शंघाई में एक अलीशान घर में रहने वाली महिला को कचरा जमा करने की अजीब आदत है। 60 वर्षीय चेंग नाम की महिला की आदत से परेशान पड़ोसियों ने उसकी शिकायत भी की, फिर भी इस महिला की आदत में कोई सुधार नहीं आया। मजबूरी में कुछ पड़ोसी तो अपना फ्लैट ही बेच कर चले गए।

शंघाई टीवी की रिपोर्ट के अनुसार पड़ोसी महिला को कूड़ा-कचरा घर लाने तथा अपने फ्लैट और सार्वजनिक गलियारे में जमा करने से रोकने के लिए कुछ नहीं कर सके। महिला के 157 वर्ग मीटर के घर की कीमत करीब 42 करोड़ रुपये (36 मिलियन युआन) है।

सोसायटी के एक पदाधिकारी के मुताबिक, 15वीं मंजिल पर रहने वाला जोड़ा गंदे माहौल को बर्दाश्त नहीं कर सका और उसने फ्लैट बेच दिया।

पदाधिकारी ने 2023 में चेंग की बेटी से संपर्क किया और उसे अपनी मां को सफाई के लिए राजी करने को कहा। पहले तो बेटी इसके लिए तैयार हो गई, लेकिन बाद में उसने कहा कि वह अपनी मां के मामलों में दखल नहीं देना चाहती है।

## इजरायल ने ग्रेटा थनबर्ग के शिप को रोका, गाजा नहीं पहुंच पाया जहाज; सभी यात्रियों से पूरी तरह टूटा कनेक्शन




नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल ने गाजा जा रहे फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन के एक मैडलीन जहाज को हिरासत में ले लिया है। इजरायली कमांडो ने मानवीय सहायता के लिए काम करने वाले जहाज को रोक लिया है, जिसमें जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य लोग गाजा पट्टी जा रहे हैं। इस जहाज पर ग्रेटा थनबर्ग समेत 12 एक्टिविस्ट सवार हैं।

रीमा हसन, यूरोपीय संसद की सदस्य (एमईपी), जो ब्रिटिश ध्वज वाली नौका मैडलीन पर सवार कार्यकर्ताओं में से एक हैं,उन्होंने एक फोटो पोस्ट की जिसमें लाइफ जैकेट पहने लोग हाथ ऊपर करके बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं।

रीमा हसन ने एक्स पर किया पोस्ट- रीमा हसन ने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, फ्रीडम फ्लोटिला के चालक दल को इजरायली सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में रात करीब 2 बजे गिरफ्तार कर लिया। इस अभियान के पीछे के मानवीय समूहों के गठबंधन एफएफसी ने टेलीग्राम एप पर कहा कि मैडलीन पर कनेक्शन टूट गया है, और कहा कि यात्रियों का इजरायली बलों की तरफ से अपहरण कर लिया गया है।

सिसिली से रवाना हुए जहाज का उद्देश्य सहायता पहुंचाना और गाजा पर इजरायल की नौसेना की नाकाबंदी को चुनौती देना था, जो इजरायल-हमास युद्ध से पहले से लागू है। जहाज को इजरायली हमले की संभावना के लिए तैयार किया गया था।

पोस्ट में ग्रेटा पर आरोप- पोस्ट में ग्रेटा और अन्य पर मीडिया में उकसावे का कोशिश का आरोप लगाया गया है, जिसका एकमात्र उद्देश्य प्रचार प्राप्त करना था और दावा किया गया है कि पिछले दो हफ्तों में गाजा में पर्याप्त सहायता पहुंच गई है।

# मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं, ट्रंप ने Tesla के CEO को दी खुली धमकी





नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी अमेरिकी अरबपति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मस्क उन उम्मीदवारों को वित्तपोषित करते हैं जो उन रिपब्लिकनों के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं जिन्होंने राष्ट्रपति के घरेलू नीति बिल के पक्ष में मतदान किया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोनों के बीच जबरदस्त तलवारें खीची थीं। दोनों ने एक-दूसरे पर वार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि उनके पास मस्क से बात करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने कभी भी मस्क के साथ अपने संबंधों को लेकर कोई चिंता नहीं की। मुझे उनकी गतिविधियों से कोई फर्क नहीं पड़ता।

मस्क ने कुछ पोस्ट किए डिलीट

वैसे पर्दे के पीछे, दोनों के करीबी लोग सुलह कराने की कोशिश कर रहे हैं। मस्क ने ट्रंप के खिलाफ किए कुछ कड़े पोस्ट इंटरनेट मीडिया से हटा दिए हैं जबकि ट्रंप ने भी मस्क की और आलोचना करने में संयम बरता है। ट्रंप के सलाहकार मानते हैं कि यदि दोनों में समझौता हो भी जाता है तो यह रिश्ता पहले जैसा नहीं होगा।

# ड्रैगन पाकिस्तान को 50 परसेंट डिस्काउंट के साथ बेच रहा लड़ाकू विमान, चीनी नागरिकों ने पूछा किसे हो रहा फायदा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले दिनों भारत ने पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान धूल चटाई। भारत द्वारा पहुंचाई चोट को पाकिस्तान कभी भूल नहीं सकता है। चीनी हथियारों के बल पर कूदने वाला पाक अब बेनकाब हो चुका है। इस बीच एक बड़ी खबर इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बनी है।

सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि चीन पाकिस्तान को आधी कीमत पर 30 जे-35ए स्टील्थ लड़ाकू विमानों की फास्ट ट्रैक डिलीवरी की योजना बना रहा है। इस खबर के सामने आने के बाद चीनी नागरिक ही कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा

इंटरनेट मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि चीन पांचवीं पीढ़ी के ये लड़ाकू विमान पाकिस्तान को आधी कीमत पर उपलब्ध कराएगा। हालांकि, चीन के नागरिक इसको राजनीति से प्रेरित और एक लापरवाही भरा कदम बता रहे हैं।

इसी साल डिलीवरी करने की तैयारी - चीन और पाक के बीच हुए इस सौदे में इन लड़ाकू विमानों की डिलीवरी इसी साल अगस्त से शुरू करने की योजना है। इस फैसले के कारण चीनी नागरिक भी हैरान और नाराज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये लड़ाकू विमान अभी केवल टेस्टिंग में चल रहा है। चीन की वायुसेना में भी इसको शामिल नहीं किया गया है। बता दें कि एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा कि पाकिस्तान पिछले दिनों से कई फर्जी खबरें फैला रहा है। पाकिस्तान इस लड़ाकू विमान को कैसे खरीद सकता है। उसने अभी जे-10 के लिए भी भुगतान नहीं किया है।

# चुनाव आयोग पर 'Match Fixing' का आरोप लगाने के बाद अब राहुल गांधी करने लगे तारीफ, बोले- डेटा जल्दी करें शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को चुनाव आयोग की ओर से हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए वोटर लिस्ट के आंकड़ों को साझा करने के कथित फैसले की सराहना करते हुए इसे एक अच्छा पहला कदम बताया।

इसके साथ चुनाव आयोग से गुजारिश की है कि वह एक तय तारीख का एलान करें, जिस दिन डेटा को डिजिटल, मशीन रिडेवल फॉर्मेट में सौंप दिया जाएगा।

चुनाव आयोग की राहुल गांधी करने लगे तारीफ- लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली हाईकोर्ट को दिए गए आश्वासन के बाद हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए 2009 से 2024 तक वोटर लिस्ट के आंकड़ों को साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। हालांकि, इस कथित कदम पर चुनाव आयोग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, वोटर लिस्ट सौंपने के लिए चुनाव आयोग की ओर से उठाया गया ये पहला अच्छा कदम है।

## भारतीयों पर रोक लगाने की बात झूठ..., हज यात्रा के दौरान वीजा बैन पर क्या बोली सऊदी सरकार?




नई दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब ने हज यात्रा के दौरान भारतीयों के वीजा पर रोक लगाने वाली खबरों का सिरे से खंडन कर दिया है। सऊदी सरकार का कहना है कि उन्होंने इससे जुड़ा कोई भी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। यह सभी खबरें पूरी तरह से गलत हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि सऊदी अरब ने हज यात्रा के मद्देनजर भारत समेत 14 देशों का वर्क वीजा कुछ समय के लिए रद कर दिया है। हालांकि सऊदी सरकार ने इन खबरों को अफवाह करार दिया है।

सऊदी ने नहीं लगाई रोक- समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सऊदी सरकार ने भारतीय वीजा पर किसी तरह की कोई रोक नहीं लगाई है। एएनआई के अनुसार,

सऊदी अरब के द्वारा भारतीयों का वीजा रद करने की खबर गलत है। सऊदी सरकार ने इस संदर्भ में कोई भी आधिकारिक नोटिस जारी नहीं किया है। हालांकि हज यात्रा के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए कम अवधि वाले वीजा पर कुछ तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं, हज यात्रा खत्म होने के बाद इन्हें भी हटा दिया जाएगा।

## केरल तट के पास बड़ा हादसा, सिंगापुर के झंडे वाले जहाज में धमाका; नौसेना ने 18 लोगों की बचाई जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल तट के पास सिंगापुर के झंडे जहाज से एक बड़ी विस्फोट की खबर सामने आई है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सुबह केरल के तट पर सिंगापुर के झंडे वाले कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 में विस्फोट की जानकारी मिली।

मुंबई में समुद्री परिचालन केंद्र की तरफ से कोच्चि में अपने समकक्षों को सुबह करीब 10.30 बजे अंडरडेक विस्फोट की जानकारी दी गई। 270 मीटर लंबा यह जहाज, जिसकी गहराई 12.5 मीटर है, 7 जून को कोलंबो से रवाना हुआ था और मुंबई के लिए रवाना हुआ था, इसके 10 जून को पहुंचने की उम्मीद थी।

आज लगभग 10- 30 पर एमओसी (कोक) को एमओसी (एमबीआई) से एमवी वान हाई 503 पर एक अंडरडेक विस्फोट की खबर मिली। पीआरओ ने इसको लेकर एक बातचीत में बताया, %यह जहाज सिंगापुर ध्वज वाला कंटेनर जहाज है, जो 270 मीटर लंबा और 12.5 मीटर ड्राफ्ट वाला एलपीसी कोलंबो है।

इसके बाद मदद के लिए भारतीय नौसेना ने तुरंत एक्शन लिया और आईएनएस सूरत को डायवर्ट किया, जिसे कोच्चि में डॉक करने के लिए निर्धारित किया गया था। भारतीय नौसेना ने 18 लोगों की जान बचाई।

## दिल्ली में आसमान से बरसेगी आग, राजस्थान में टूटा रिकॉर्ड




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत एक बार फिर से भीषण गर्मी की चपेट में है। हीट वेव के कारण लोगों को काफी दिक्कतों तो सामना करना पड़ रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत के साथ ही तापमान में भारी बढ़त देखने को मिली।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इस समय भीषण गर्मी का सितम देखने को मिल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा कि इस पूरे सप्ताह मौसम का अंदाज देखने को मिलेगा। ढ्ढरूष्ठ के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में इस सप्ताह के अंत में बारिश हो सकती है।


दिल्ली में जारी रहेगा भीषण गर्मी का सितम- दिल्ली के मौसम की बात करें तो इस पूरे हफ्ते भीषण गर्मी का सितम देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में कुछ स्थानों पर पारा 44 डिग्री सेल्ससियस के पार भी जा सकता है। वहीं, 13 जून के बाद तापमन में थोड़ी कमी देखने को मिल सकती है।

इस बीच राजधानी दिल्ली में रविवार को कड़ी धूप खिली रही। बता दें कि दिल्ली में 16 मई के बाद लगातार तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 22 दिनों बाद रविवार को यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री पार कर गया, जबकि हीट इंडेक्स 47.2 डिग्री रहा। यानी दिल्ली में लोगों ने 47 डिग्री से ऊपर की गर्मी का एहसास किया।

इन राज्यों में जारी रहेगा हीटवेव का कहर- मौसम विभाग ने बताया कि 9 से 12 जून के बीच में पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है। वहीं, विभाग ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि 9 से 12 जून के बीच में जम्मू-कश्मीर, 09-13 जून के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में लू चलने की संभावना है। अनुमान है कि इसके बाद 4 से पांच दिनों बाद तापमान में कमी दर्ज की जा सकती है, जिससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

दक्षिण भारत में जारी रहेगी बारिश- आईएमडी के अनुसार, दक्षिण भारत में 10 जून यानी मंगलवार से बारिश का दौर जारी रहेगा। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघायल में 11-14, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम में 10 से 13 जून तक भारी बारिश की संभावना है।

## भारत–अमेरिका रिश्तों में भरोसे की दरार क्यों, पहले तालिबान और पाकिस्तान; India से क्या चाहता है US?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय रिश्तों में शीत युद्ध के दौर का गहरा असर रहा है। उस दौर में भारत सोवियत संघ के करीब था, वहीं पाकिस्तान अमेरिका का करीबी सहयोगी था। सोवियत संघ के विघटन के बाद बदले हुए वैश्विक परिदृश्य में भारत-अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों देशों के संबंध रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर हैं। इसके बावजूद भारत-अमेरिका के रिश्तों में वह भरोसा और स्थायित्व नहीं दिखता है, जो रूस और भारत के रिश्तों में है। इसकी वजह अमेरिका का दोहरा रवैया है। हाल में भारत आए अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने आपसी संबंधों को लेकर शिकायत की थी कि भारत रूस से हथियार खरीदता है।

अमेरिका चाहता है कि भारत उसकी संवेदनशीलता का ध्यान रखे, लेकिन वह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर जुबानी जमा खर्च से ज्यादा कुछ नहीं करता है और पाकिस्तान को समय-समय पर हथियार व वित्तीय मदद भी देता है।

भारत की कौन-सी रणनीति अमेरिका को पसंद नहीं- भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की नीति अमेरिका और पश्चिमी देशों को चुभ रही है। रणनीतिक स्वायत्तता का मतलब है कि भारत खुद को किसी खेमे में नहीं बांधेगा और अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से सभी देशों से बात करेगा।

साल 2024 में रूस और यूक्रेन के युद्ध को लेकर भारत के रवैये पर आपत्ति जताते हुए भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा था कि संघर्ष के दौरान रणनीतिक स्वायत्तता नाम की कोई चीज नहीं होती है। संकट के समय भारत और अमेरिका को विश्वसनीय सहयोगी की तरह मिलकर काम करना चाहिए।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान अमेरिका और यूरोप इस बात से असहज थे कि भारत ने रूस के हमले की निंदा नहीं की और वह उससे तेल खरीद रहा है। अमेरिका को भारत और रूस के रक्षा संबंधों से भी दिक्कत है।

## शिलांग से गाजीपुर कैसे पहुंची सोनम, लिंक से लिंक जोड़ा तो... मेघालय पुलिस ने बताई हनीमून मर्डर मिस्ट्री की पूरी कहानी



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदौर की सोनम की बेवफाई की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। इंदौर का कपल राजा रघुवंशी और सोनम हनीमून पर मेघालय गए थे, जहां पति की हत्या हो जाती है। अब हत्या के पीछे का हर राज सामने आ रहा है। आज ही सोनम रघुवंशी के यूपी के गाजीपुर से गिरफ्तार होने के बाद उसके पति की मर्डर मिस्ट्री से पर्दा उठ गया है। मेघालय में हनीमून मनाने गए राजा की हत्या उसी की पत्नी सोनम ने की थी, ये बात मेघालय के डीजीपी ने बताई। डीजीपी ने कई और खुलासे भी किए हैं।

राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी केस पर खुलासा करते हुए ईस्ट खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सिम ने कहा बताया कि शुरुआत में उन्हें शक भी नहीं हुआ कि ये हत्या है। उन्होंने कहा कि हम कपल की तलाश कर रहे थे। हमने गुमशुदगी की रिपोर्ट देखी, लेकिन कोई नहीं मिला।

स्क्र ने बताया कि राजा रघुवंशी का शव 2 जून को मिला, जिसके बाद एसआईटी का गठन किया गया और जांच शुरू हुई।

7 दिनों में एसआईटी ने पर्याप्त सबूत जुटाए और वहां जाकर अपराधियों तक पहुंच बनाई।

उन्होंने कहा कि अगर हम आज इस मामले के डॉट से डॉट जोड़ते हैं तो प्रारंभिक जांच से पता चलेगा कि इस मामले में पूरा मकसद क्या था और अपराध को कैसे अंजाम दिया गया।

पुलिस ने बताया कि असल में सोनम के साथ उसका प्रेमी राज कुशवाह था, जिन्होंने मिलकर साजिश रची। पुलिस ने कहा कि जब दोनों रिमांड पर मेघालय आएंगे तो हम आखिरकार पुष्टि कर पाएंगे कि कैसे सब कुछ हुआ। एसपी ने कहा कि इतने दिनों तक सोनम और अन्य आरोपी भूमिगत थे और कल जब हमारा ऑपरेशन शुरू हुआ, तो अचानक वह सामने आ गई।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल पूर्णिमा

## संपादकीय


# वैश्विक स्तरपर पृथ्वी पर विचलित 84 लाख योनियों की काया में यूं तो सभी अंग महत्वपूर्ण है...



वैश्विक स्तरपर पृथ्वी पर विचलित 84 लाख योनियों की काया में यूं तो सभी अंग महत्वपूर्ण है,परंतु हर जीव की आंखें एक ऐसा कुदरत का दिया हुआ अनमोल गिफ्ट है, जिससे पूरी खूबसूरत दुनियाँ को सभी जीव देख सकते हैं, खास करके विशेष अद्भुत बुद्धिजीवी मानव योनि के लिए आंखें तो मानो एक खूबसूरत अद्भुत अंग है जिसके द्वारा वह जीते जी तो अपने परिवार साथियों सहित पूरी दुनियाँ को तो देख सकता है परंतु वह चाहे तो मृत्यु के बाद भी अपनी इन दोनों खूबसूरत आंखों से पूरी दुनियाँ को देख सकता है,बस फर्क केवल इतना है, अपना शरीर त्यागने के बाद वह दूसरे के शरीर से खूबसूरत दुनियाँ को देख सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 10 जून 2025 को विश्व नेत्रदान दिवस है, इसलिए हमें समझना होगा कि,आँखों और दृष्टि का हमारें जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति के जीवन में दृष्टि न हो तो उसके जीने का कोई मतलब ही नहीं होता और उसे प्रत्येक कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे तो सभी आंखों के महत्व को समझते हैं और इसीलिए इसकी सुरक्षा भी सभी बड़े पैमाने पर करते हैं। हममें से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के बारे में भी सोचते हैं।आंखें ना सिर्फ हमें रोशनी दे सकती हैं बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकती हैं। लेकिन कुछ लोग अंधविश्वास के कारण, ऑय डोनेशन नहीं करते। उनका मानना हैं कि अगले जन्म में वे नेत्रहीन ना पैदा हो जाएं। इस अंधविश्वास की वजह से दुनियां के कई नेत्रहीन लोगों को जिंदगी भर अंधेरे में ही रहना पड़ता है। सभी लोगोंको इस बात को समझना होगा और नेत्रदान अवश्य करना चाहिए।हमारा एक सही फैसला लोगों के जिंदगी में उजाला ला सकता हैं।चूँकि नेत्रदान महादान है व नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें, आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें।

साथियों बात अगर हम भारत में दृष्टिहीन या नेत्रहीन बांधवों का कॉर्नय प्रत्यर्पण कर 1 वर्ष में ही भारत को अंधत्व मुक्त भारत बनाने में सहयोग की करें तो, एक आंकड़े के अनुसार भारत में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जिसमें करीब 30 लाख व्यक्ति नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से नवदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं, आकलन बताता है कि एक वर्ष में देश में जितने लोगों की मृत्यु होती है, अगर सभी के नेत्रों का दान हो जाए तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आंखें मिल जाएंगी, मगर लोग नेत्रदान करते नहीं हैं और कार्निया प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जाती हैं,कोरोना काल में तो नेत्रदान की संख्या और कम हो गई थी,खतरा केवल यही नहीं है, अपनी लापरवाही के कारण दुनियाँ धीरे-धीरे अंधत्व की तरफ बढ़ रहीहै,विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद कॉर्निया की बीमारियां (आंखों की अगली परत कार्नियाका क्षतिग्रस्त होना) आंखों की रोशनी जाने की प्रमुख वजहें हैं,अंधत्व की समस्या से गुजर रहे 92.9 पेर्सेंट लोगों को अंधा होने से बचाया जा सकता है,इसे प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस यानी रोका जा सकने वाला अंधत्व भी कहा जाता है,लेकिन मानवीय आदतों,जरूरत होनेपर भी आंखों का चश्मा नहीं लगाना, मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवाना और ग्लूकोमा की समय-समय पर जांच नहीं करवाने, कंप्यूटर और मोबाइल पर ज्यादा काम करने से अधिकांश लोगों की आंखों को नुकसान पहुंच रहा है, बदलती लाइफस्टाइल, अनियमितदिनचर्या प्रदूषण और बहुत ज्यादा स्ट्रेस होने की वजह से ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी समस्याओं का शिकार होने लगे हैं,ऑन लाइन क्लासेस और कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ने से बच्चों और युवाओं की आंखों में सूखेपन की समस्या बढ़ी है।

# विश्व नेत्रदान दिवस



विश्व नेत्रदान दिवस प्रत्येक वर्ष विश्व के विभिन्न देशों में नेत्रदान की महत्ता को समझते हुए 10 जून को मनाया जाता है। इसके जरिए लोगों में नेत्रदान करने की जागरुकता फैलाई जाती है। विश्व दृष्टिदान दिवस का उद्देश्य नेत्रदान के महत्व के बारे में व्यापक पैमाने पर जन जागरूकता पैदा करना है तथा लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आँखें दान करने की शपथ लेने के लिए प्रेरित करना है। विकासशील देशों में प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक दृष्टिहीनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कॉर्निया की बीमारियाँ (कॉर्निया की क्षति, जो कि आँखों की अगली परत हैं) मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद, होने वाली दृष्टि हानि और अंधापन के प्रमुख कारणों में से एक हैं।

## महत्व

प्रत्येक वर्ष 10 जून को विश्व नेत्रदान मनाया जाता है, ताकि दूसरों की अंधेरी दुनिया को रोशन करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा सके। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद नेत्रदान करने वालों का आंकड़े बहुत संतोषजनक नहीं है। जहां तक भारत की बात है तो यहां नेत्रदान एवं कोर्निया प्रत्यारोपण के वर्तमान आंकड़ों पर गौर करें तो जानकर हैरानी होती है कि नेत्रदान करने वालों की संख्या एक फीसदी से भी कम है। यही वजह है कि देश में 25 हजार से ज्यादा लोग आज भी अंधेरी दुनिया में जी रहे हैं। देश में प्रत्येक वर्ष 80 से 90 लाख लोगों की मृत्यु होती है, लेकिन नेत्रदान 25 हजार के आसपास ही होता है। यह दिवस विशेष इसीलिए मनाई जाती है कि लोग मृत्यु से पहले अपनी आंखें दान कर अंधरे में जी रहे लोगों के जीवन में उजाला भर सकें।

## एक व्यक्ति 4 लोगों को रोशनी

वर्तमान में एक व्यक्ति मृत्यु के पश्चात चार लोगों की अंधेरी जिंदगी में उजाला बिखेर सकता है। पहले दोनों आंखों से दो ही लोगों को कोर्निया मिल पाती थी, लेकिन नई तकनीक आने के बाद से एक आंख से दो कोर्निया प्रत्यारोपित की जा रही है। डी मेक से होने वाला यह प्रत्यारोपण देश के हर बड़े आंखों के अस्पताल में शुरू हो चुका है। इसमें खास बात यह है कि व्यक्ति के मरने के बाद उसकी पूरी आंख नहीं बदली जाती। केवल रोशनी वाली काली पुतली ही ली जाती है। व्यक्ति की मृत्यु के छह घंटे तक ही कार्निया प्रयोग में लाई जा सकती है। आई बैंक एसोसियेशन ऑफ इंडिया के मुताबिक देश में अभी 25 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें कार्निया की जरूरत है। अगर उन्हें समय रहते किसी की कोर्निया मिल जाये तो वह प्रकृति की खूबसूरती को देख सकते हैं।

## नेत्रदान की प्रक्रिया

यह प्रक्रिया अत्यंत सरल है, और महज 15-20 मिनट में ही पूरी हो जाती है। नेत्रदान प्रक्रिया के कारण अंतिम संस्कार में किसी तरह का विलंब नहीं होता है। कोई भी व्यक्ति अपना नेत्र गुप्त रूप से दान कर सकता है, जो उसकी मृत्यु के पश्चात एक मामूली से ऑपरेशन के जरिये आंखों से कोर्निया को निकाल लिया जाता है। इससे मृत व्यक्ति के शरीर में किसी तरह का परिवर्तन नहीं होता। नेत्रदान की बात को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाता है। नेत्र विशेषज्ञों के अनुसार आंखे कभी भी वृद्ध नहीं होतीं, इसलिए इसके लिए किसी तरह की उम्र सीमा नहीं होती। एक वृद्ध व्यक्ति भी अपनी इच्छानुसार अपनी आंखें दान कर सकता है। नेत्रदान करके आप की आंखें अजर अमर बन सकती हैं।

## संकल्प

नेत्रदान जैसे सबसे बड़े दान को बढ़ावा देने के लिए देश के तमाम आई बैंक और सामाजिक संस्थाएं इस दिन विशेष रूप से देश भर में जागरुकता कार्यक्रम चलाये जाते हैं। एक मृत व्यक्ति के नेत्र को एक नेत्रहीन को देकर उसके अंधेरे जीवन में उजाला किया जा सकता है। आइये संकल्प लें कि हम जीते जी अपना आंख दान कर अंधेरी दुनिया को रोशनी दें। आप अपने निकटतम अस्पताल से संपर्क कर नेत्रदान के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। किसी की दुनियां में उजाला फैलाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाइए।

## आँखों की देखभाल

आँखों की ठीक प्रकार से देखभाल निम्न प्रकार से की जा सकती है-

अच्छी दृष्टि के लिए स्वस्थ आहार का सेवन करें- संतुलित आहार का सेवन करें। अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे, फलियों एवं गाजर को अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें।

धूम्रपान छोड़ें- धूम्रपान, मोतियाबिंद, ऑप्टिक एवं तंत्रिका क्षति के साथ-साथ दृष्टि से संबंधित कई तरह की समस्याओं को पैदा कर सकता है।



सूर्य की रोशनी के प्रत्यक्ष प्रभाव को रोकने के लिए यूवी संरक्षित धूप का चश्मा पहनें- जो कि आपकी आंखों की सुरक्षा के लिए बेहत्तर है।

सुरक्षा चश्मा पहनें- यदि आप कार्यस्थल पर ख़तरनाक पदार्थों से काम करते हैं, तो आपको अपनी आंखों की रक्षा करने के लिए सुरक्षा चश्मा अवश्य पहनना चाहिए।

यदि आप लंबी अवधि तक कंप्यूटर पर काम करते हैं, तो यह सुनिश्चित करें, कि आप अक्सर बीच-बीच में उठगें- आँखों का सूखापन कम करने के लिए आँखों को अधिक से अधिक बार झपकें।

टेलीविजन देखते या कंप्यूटर पर काम करते हुए एंटी ग्लेयर चश्मा- पहनने की सलाह दी जाती है।

मंद प्रकाश में न पढ़े- यह आँखों को होने वाली परेशानियों के प्रमुख कारणों में से एक है।

आँखों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने- के लिए अपनी आँखों की नियमित जांच कराएं।

खिड़कियों एवं लाइट द्वारा कंप्यूटर पर पड़ने वाली चकाचौंध से बचने की कोशिश करें- यदि आवश्यक हों, तो एंटी ग्लेयर स्क्रीन का उपयोग करें।

यदि आप कॉन्टेक्ट लेंस पहनते हैं, तो उन्हें लंबी अवधि तक पहनने से बचें- कॉन्टेक्ट लेंस पहनते हुए तैराकी एवं सोने से बचें।

# ऑपरेशन सिंदूर में इस फाइटर जेट का हुआ था बुरा हाल, अब एक खबर से रॉकेट बन गए ये शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय फाइटर जेट के आगे हाथ खड़े करने के बाद चीन के डिफेंस शेयरों में भारी गिरावट देखी गई थी। हालांकि, अब एक बार फिर से चीन के डिफेंस शेयर फोकस में हैं। इनमें तेजी देखी जा रही है। आज सोमवार को चीनी डिफेंस शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक खबर है। दरअसल, ऐसी खबरें आई थीं कि पाकिस्तान बड़े हथियार सौदे में चीन के कुछ सबसे एडवांस हथियार हासिल करने की योजना बना रहा है। शंघाई स्टॉक एक्सचेंज में AVIC शेनयांग एयरक्राफ्ट कंपनी के शेयर की कीमत 10त्न की दैनिक ऊपरी सीमा पर पहुंच गई, जो लगातार तीसरे सेशन में बढ़त को दर्शाता है।

क्या है डिटेल- ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान 40 J-35 पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के साथ-साथ KJ-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट और HQ-19 बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने का इरादा रखता है। AVIC शेनयांग एयरक्राफ्ट द्वारा विकसित और 2024 झुहाई एयरशो में अनावरण किए गए J-35 को प्रस्तावित सौदे का मुख्य बिंदु माना जा रहा है। अगर यह सौदा फाइनल हो जाता है, तो यह J-35 लड़ाकू विमानों की पहली अंतरराष्ट्रीय बिक्री होगी। पिछले सात कारोबारी सत्रों में AVIC शेनयांग के शेयर की कीमत में 16% से अधिक की उछाल आई है। एयरोस्पेस नान्हू इलेक्ट्रॉनिक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के शेयरों में 15% तक की बढ़ोतरी हुई, जबकि इनर मंगोलिया फर्स्ट मशीनरी ग्रुप, जियांग्शी होंगडू एविएशन इंडस्ट्री, एवीआईसी हैवी मशीनरी और एवीआईसी चेंगदू एयरक्राफ्ट में 2त्न से 4त्न तक की बढ़ोतरी हुई। हैंग सेंग चाइना ए एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडेक्स में करीब 2% की बढ़ोतरी हुई।

पहले टूट चुका था शेयर- बता दें कि इससे पहले चीनी रक्षा शेयरों में पहले भी उछाल आया था जब पाकिस्तान ने दावा किया था कि चीन निर्मित J-10C लड़ाकू विमानों ने छह भारतीय विमानों को मार गिराने में मदद की थी। हालांकि, चीनी रक्षा शेयरों में यह उछाल अधिक देर तक नहीं रहा, क्योंकि भारत ने उन दावों को कम करके आंका और पाकिस्तानी क्षेत्र में अंदर तक सटीक हवाई हमला करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। हालांकि,

## रेलवे की इस कंपनी को मिले बिहार और हिमाचल से बड़े ऑर्डर, शेयर खरीदने की मची लूट




नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे से जुड़ी कंपनी रेलटेल कॉर्पोरेशन के शेयर आज सोमवार, 9 जून, 2025 को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में 2.7 प्रतिशत तेजी दर्ज की गई, जो बीएसई पर 456.15 प्रति शेयर पर दिन का उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शेयरों में इस तेजी के पीछे कंपनी को मिले कई ऑर्डर हैं। कंपनी का 52-सप्ताह का हाई 618 प्रति शेयर और 52-सप्ताह का लो 265.3 प्रति शेयर रहा। पिछले एक साल में, रेलटेल के शेयरों में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि सेंसेक्स में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रेलटेल को मिला ऑर्डर

कंपनी ने शनिवार को निवेशकों को बताया कि उसे दो ऑर्डर मिले हैं। एक ऑर्डर राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपीसी) से मिला है, जिसकी कीमत करीब 243 करोड़ है। ऑर्डर के तहत, कंपनी बिहार के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए एक छात्र किट की आपूर्ति करेगी। फाइलिंग में कहा गया है, ÷यह सूचित किया जाता है कि रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कंपनी) को राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपीसी) से 2,43,11,35,577 (कर सहित) की आपूर्ति के लिए कार्य आदेश मिला है।

## सरकार के फैसले से 20% उछला इस छोटी कंपनी का शेयर, कोई बेचने को तैयार नहीं, एलआईसी ने भी लगाया




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में आज जेपी गोयनका ग्रुप की एक कंपनी में जबरदस्त तेजी के चलते 20% का अपर सर्किट लग गया है। दरअसल, OCCL के शेयरों में यह तेजी सरकार के एक फैसले के बाद आई, जिसमें भारत सरकार ने चीन और जापान से आयातित अघुलनशील सल्फर पर एंटी डंपिंग ड्यूटी लगा दी। इसके बाद ओसीसीएल के शेयरों में तेजी देखने को मिली।

यह शेयर 240 रुपये के स्तर पर खुला और 251.80 रुपये पर अपर सर्किट के साथ ट्रेड कर रहा है। खास बात है कि OCCL का शेयर पिछले 5 ट्रेडिंग सेशन में 18 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न डिलीवर कर चुका है। हालांकि, पिछले एक साल में इस शेयर ने 60 प्रतिशत तक नेगेटिव रिटर्न दिया है।

क्या है कंपनी का कारोबार- ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड , जेपी गोयनका समूह की कंपनी है। यह कंपनी मुख्य रूप से अघुलनशील सल्फर के निर्माण के लिए जानी जाती है, जो टायर इंडस्ट्री में एक प्रमुख केमिकल घटक है। यह कंपनी सल्फ्यूरिक एसिड और ओलियम का भी उत्पादन करती है, और इसके पास डायमंड सल्फ और डायमिक्स ब्रांड के तहत प्रोडक्ट की एक विशाल रेंज है।

एलआईसी ने भी लगाया कंपनी में पैसा- खास बात है कि इस केमिकल कंपनी में भारत के सबसे संस्थागत निवेशक एलआईसी ने भी पैसा लगा रखा है। मार्च 2025 तक, ओसीसीएल लिमिटेड की शेयरहोल्डिंग, एलआईसी के पास कंपनी में 2.08त्न हिस्सेदारी है।

जुलाई 2024 में OCCL के शेयरों का प्राइस 400 रुपये पर था, लेकिन उसके बाद से शेयरों में एक बड़ी गिरावट देखी गई और इस शेयर ने 132 रुपये का लो बनाया। ऐसे में रिकॉर्ड हाई से यह काफी नीचे कारोबार कर रहे हैं।


## विजय केडिया के पास हैं इस कंपनी के 10,00,000 शेयर, खरीदने की मची लूट, 11% चढ़ा भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुदर्शन केमिकल इंडस्ट्रीज के शेयरों में 9 जून को करीब 11 प्रतिशत की तेजी आई और यह 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर ?1,298 पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, कंपनी के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों में हाल ही में हुई देरी के बावजूद यह तेज उछाल आया, जो निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है। बता दें कि दिग्गज निवेशक विजय केडिया के पास भी कंपनी के स्टॉक हैं।

66% से अधिक उछाल- सुदर्शन केमिकल्स ने हाल के महीनों में जबरदस्त तेजी देखी गई है। जून 2024 में छुए गए 52-सप्ताह के निचले स्तर ?779.95 से, शेयर में अब 66 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़त दर्ज की गई है। सिर्फ जून 2025 के पहले हफ्ते में ही, यह 9.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ चार महीने की बढ़त के सिलसिले को जारी रखता है। अप्रैल में 3.5 प्रतिशत और मार्च में 14.5 प्रतिशत की बढ़त के बाद मई में शेयर में 15 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई थी। इस तेजी से पहले, इसमें थोड़े समय के लिए गिरावट देखी गई थी, जिसमें फरवरी में 13.4 प्रतिशत और जनवरी में 12.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। पिछले एक साल में इस केमिकल स्टॉक ने 48 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# चीन की इस कंपनी के साथ कारोबार को बढ़ाने की तैयारी में मुकेश अंबानी, क्या है योजना?



नई दिल्ली (एजेंसी)। फैशन रिटेलर शीन और पार्टनर रिलायंस रिटेल ने अपने भारतीय सप्लायर बेस का तेजी से विस्तार करने और 6 से 12 महीनों के भीतर भारत में बने शीन ब्रांड के कपड़ों की अंतरराष्ट्रीय बिक्री शुरू करने की योजना बनाई है। रॉयटर्स की खबर के मुताबिक, चीन में स्थापित सिंगापुर में मुख्यालय वाली शीन भारतीय रिटेलर के साथ योजनाओं पर तब से चर्चा कर रही है, जब अमेरिका ने चीनी आयात पर टैरिफ लगाया था। रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया गया है कि इसका उद्देश्य एक साल के भीतर भारतीय सप्लायरों की संख्या 150 से बढ़ाकर 1,000 करना है।

रॉयटर्स को दिए गए एक बयान में शीन ने कहा कि रिलायंस के साथ उसकी साझेदारी केवल भारतीय घरेलू खपत के लिए रिलायंस रिटेल को अपने ब्रांड के लाइसेंस तक सीमित है। शीन चीन में 7,000 सप्लायर्स से सीधे 150 देशों के ग्राहकों को 5 डॉलर के कपड़े और 10 डॉलर की जींस जैसे सस्ते कपड़े बेचता है। इसका सबसे बड़ा बाजार अमेरिका है, जहां यह चीन से आने वाले कम प्राइस वाले ई-कॉमर्स पैकेजों पर टैरिफ को समायोजित कर रहा है, जिन्हें पहले शुल्क मुक्त आयात किया जा सकता था। रिटेलर ने 2018 में भारत में लॉन्च किया था, लेकिन इसके ऐप को 2020 में अपने पूर्वोत्तर पड़ोसी के साथ सीमा तनाव के बीच चीन से जुड़ी फर्मों के खिलाफ सरकारी कार्रवाई के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था।

## चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 2025 में बनाई नई ऊंचाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में चांदी ने 2025 में सभी कमोडिटीज को पीछे छोड़ दिया है। पिछले हफ्ते स्ष्टङ्ग पर इसकी कीमत 1,06,138 प्रति किलो के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। आज सर्राफा बाजारों में चांदी बिना जीएसटी 105290 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। निवेशकों और एक्सपर्ट्स की नजर अब इसी पर टिकी है। आइए समझें क्यों उड़ रही है चांदी?

1. सेफ-हेवन डिमांड- रूस-यूक्रेन जंग और ग्लोबल तनाव के बीच लोगों ने चांदी को सुरक्षित निवेश माना।

2. इंडस्ट्री का भूखा पेट- सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए चांदी की मांग आसमान छू रही है।

3. सप्लाई किल्लत- रूस (दुनिया के टॉप-10 सिल्वर प्रोड्यूसर्स में से एक) से सप्लाई रुकने का डर। पहले से ही दुनिया में पिछले 5 साल से चांदी की कमी चल रही थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 45 से कम उम्र के होंगे जिलाध्यक्ष, 5 साल का अनुभव जरूरी... मध्य प्रदेश कांग्रेस में बड़ा फेरबदल

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिलाध्यक्षों के चयन के लिए सख्त मानदंड तय किए गए हैं। पार्टी प्रत्येक जिले से जिलाध्यक्ष पद के लिए छह नामों का पैनल तैयार करेगी। इस पैनल में प्राथमिकता 45 वर्ष से कम आयु के उन कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिन्होंने पार्टी में कम से कम 5 वर्षों तक काम किया हो।कांग्रेस में जिलाध्यक्षों के लिए नए नियम

पार्टी ने यह निर्देश रविवार को वर्चुअल बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी द्वारा 165 पर्यवेक्षकों को दिए। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे। हरीश चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह बदलाव युवाओं को नेतृत्व में लाने




की दिशा में एक ठोस प्रयास है। हालांकि, यदि किसी जिले में कोई वरिष्ठ और प्रभावशाली नेता है, तो उसके नाम पर भी विचार किया जा सकता है – लेकिन कारण स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही, जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि पैनल में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग या महिला उम्मीदवार में से किसी एक को जरूर शामिल किया जाए।संगठन और चुनाव कार्य होंगे अलग-अलग

संगठनात्मक मजबूती के लिए एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। अब पार्टी के संगठन पदाधिकारियों को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई संगठन पदाधिकारी चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे पद से इस्तीफा देना होगा। यह निर्णय पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में आयोजित राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में लिया गया।

### *पार्टी ने क्या कहा?*

पार्टी का मानना है कि चुनाव और संगठन को अलग रखने से दोनों कार्य बेहतर तरीके से संचालित किए जा सकते हैं। हाल के चुनावों में देखा गया कि संगठन के पदाधिकारी चुनाव लड़ने में व्यस्त हो जाते हैं जिससे संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। इस निर्णय से पार्टी को चुनावी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती दोनों में संतुलन मिलेगा।

## महाराष्ट्र के जलगांव व बुलढाणा की गैंग ने की थी ज्वेलरी शॉप में चोरी, चार आरोपित गिरफ्तार



नेपानगर। नगर के मातापुर बाजार की एक ज्वेलरी शाप में 27 अप्रैल की रात हुई चोरी की वारदात पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र की अंतर्राज्यीय चोर गैंग ने अंजाम दी थी। पुलिस ने न केवल इस वारदात में शामिल रहे छह में से चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, बल्कि चोरी की गई दो किलो चांदी में से 611 ग्राम चांदी भी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनमें सुरेश पुत्र अशोक 30 वर्ष निवासी राजीव गांधी नगर जालना, कृष्णा पुत्र हरिचंद गायकवाड़ 30 वर्ष खरपुडी जालना, भोलू पुत्र भीमराव 30 वर्ष राजीव गांधी नगर जालना और दिलीप पुत्र शेषराव बेलदार 29 वर्ष धदम थाना हिवरखेड़ बुलढाणा शामिल हैं।चोरी की शैली से लगाया अनुमान

गत 28 अप्रैल को एमपीईबी कालोनी नेपानगर निवासी 60 वर्षीय रमेश सिंह ठाकुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल की रात करीब 1.58 बजे अज्ञात बदमाशों ने उनकी ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर नेवरी, पायल और चांदी के कड़ों सहित लगभग दो किलो चांदी चोरी कर ली।

पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तो चोरी की शैली किसी अंतर्राज्यीय गिरोह की लगी। इसके बाद नेपानगर पुलिस ने महाराष्ट्र के अमरावती, बीड़ और जालना जिलों में हाल ही में हुई चोरियों का पैटर्न मिलाया।

महाराष्ट्र पुलिस की मदद से आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस चारों की रिमांड लेकर और पूछताछ कर रही है।आरोपितों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, उप निरीक्षक शहाबुद्दीन कुरैशी, कलीराम मौर्य, आरक्षक गजेन्द्र, हेमराज, अमर पवार, लालसिंग और नीतेश की सराहनीय भूमिका रही है।

## ग्वालियर-चंबल के गिरोह सक्रिय, साल्वर गैंग फ्लाइट से आता था परीक्षा देने, फरार पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित



भोपाल। मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में फर्जीवाड़े की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं। जांच में सामने आया है कि इस घोटाले में ग्वालियर-चंबल अंचल के तीन से चार गिरोह सक्रिय रूप से शामिल थे। ये गिरोह साल्वरों के जरिये अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा दिलवा रहे थे। अब तक पुलिस ने 22 एफआईआर दर्ज कर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चार साल्वर भी शामिल हैं।साल्वर हवाई जहाज से आते थे परीक्षा देने

पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार साल्वर लंबे समय से ऐसे फर्जीवाड़ों में सक्रिय थे। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि एक साल्वर हवाई जहाज से मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में परीक्षा देने आता-जाता था, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि अन्य राज्यों की सरकारी परीक्षाओं में भी गड़बड़ी हुई है। फर्जीवाड़े से दिलाई जाती थी परीक्षा फर्जीवाड़े का तरीका बेहद शातिराना था। लिखित परीक्षा से पहले अभ्यर्थी के आधार कार्ड में बदलाव कर बायोमैट्रिक डेटा साल्वर के साथ जोड़ा जाता था, जिससे परीक्षा केंद्रों पर पहचान बदलना संभव हो जाता था।

# दुल्हन लाने की हो रही थी तैयारी, वर निकासी से पहले थमीं दूल्हे की सांसें



कटनी। घर के दरवाजे पर विवाह गीत गाए जा रहे थे। ढोल-नगाड़े की धुन पर स्वजन व रिश्तेदार नाच रहे थे। दूल्हा तैयार होकर दुल्हन लेने को निकला और अचानक से बेहोश होकर गिर गया। आनन-फानन में उसे स्वजन वाहन से लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां पर उसकी सांसें थम गई।शनिवार को जानी थी बारात

घर में शहनाई का शोर करूण मातम में बदल गया। यह घटना जिले के बहोरीबंद तहसील अंतर्गत कुआं गांव की है। घटना के बाद से युवक के घर सहित गांव में भी मातम छाया हुआ है। कुआं गांव निवासी सुमेरा सेन के 27 वर्षीय पुत्र आशीष सेन का विवाह दमोह जिले के जबेरा अंतर्गत माला बम्होरी गांव में तय हुआ था। शनिवार को बारात जानी थी।

### *तैयार होते समय अचानक गिरा दूल्हा*

घर में रिश्तेदार पहुंच गए थे और विवाह की रस्में चल रही थीं। शाम को लगभग सात बजे बारात माला बम्होरी रवाना होनी वाली थी। आशीष के घर के बाहर ढोल-नगाड़े बज रहे थे और महिलाएं विवाह गीत गाते हुए बारात को रवाना करने में लगी हुई थीं। आशीष तैयार होते समय अचानक अचेत होकर गिर गया।

### *मौत की खबर मिलते ही खुशियां मातम में बदली*

जिसके चलते घर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में स्वजन आशीष को वाहन से लेकर रवाना हुए लेकिन सिहोरा पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम गई। माला बम्होरी में बारात का इंतजार हो रहा था और रात को दूल्हे की मौत की खबर पहुंचने से खुशियां मातम में बदल गई। आशीष का शव सिहोरा शासकीय अस्पताल ले जाया गया। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद उसका शव स्वजनों को सौंपा गया।

### *दुल्हन लेकर लौटना था, आया शव*

शनिवार को बारात माला बम्होरी पहुंचनी थी और विवाह समारोह के बाद रविवार को विदाई होकर दोपहर तक बारात को लौटना था। रविवार को दुल्हन का स्वागत करने की तैयारी थी लेकिन दोपहर को सिहोरा से पोस्टमॉर्टम के बाद आशीष का शव कुआं गांव पहुंचा, तो स्वजन पछाड़ खाकर गिर पड़े।

### *गांव में पसरा मातम*

युवक की अचानक हुई मौत से गांव में भी मातम छा गया। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि आशीष का पहले से स्वास्थ्य खराब था और विवाह की तारीख से कुछ दिन पहले ही वह नागपुर से इलाज कराकर लौटा था।

## मध्य प्रदेश के 20 शहरों में पारा 40 के पार, नौगांव में 44.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा तापमान



भोपाल । नौतपा भले ही ठंडा बीता, लेकिन उसके समाप्त होने के पांच दिन बाद सूरज तमतमाने लगा है। इसी क्रम में रविवार को प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। सबसे अधिक 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार, वातावरण से नमी कम होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। अगले तीन दिन में अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री तक और बढ़ सकता है। ग्वालियर, चंबल एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं लू भी चल सकती है। हालांकि 12 जून के बाद राहत की बौछारें पड़ने की भी उम्मीद है।अभी यहां है मानसून मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपटना, पुरी, बालुरघाट से होकर ही गुजर रही है। एक पश्चिमी विक्षोभ लेह और उससे लगे जम्मू पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

हरियाणा और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी हिमाचल प्रदेश एवं उससे लगे उत्तराखंड पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। इसी तरह मध्य पाकिस्तान और उसके आसपास भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है।




# कोविड से निपटने के लिए इंदौर में एहतियात के रूप में व्यापक प्रबंध

## नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

इंदौर। इंदौर जिले में कोविड-19 संक्रमण से निपटने के लिए सतर्कता और एहतियात के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जिले के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क रहते हुए लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जाँच कराएं और समय पर उपचार लें। जिले में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

यह जानकारी आज प्रभारी कलेक्टर श्री गौरव बेनल की अध्यक्षता में आयोजित कोविड समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, डॉ. माधव हसानी सहित जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों के संचालक उपस्थित थे। बैठक में जनवरी 2025 से अभी तक की कोविड स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि इस अवधि में इंदौर जिले में कुल 41 कोविड पॉजिटिव केस सामने आए हैं, जिनमें से 26 मरीज वर्तमान में आइसोलेशन में रहते हुए उपचाररत हैं। सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने




बताया कि वर्तमान में जो संक्रमण के केस सामने आ रहे हैं, वे 'ओमिक्रॉन क्र2-लाइक' जैसे अत्यंत सामान्य स्वरूप के हैं, जिनमें गंभीर लक्षण नहीं देखे जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा सभी अस्पतालों को सतर्क रहने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मास्क का उपयोग करें, बार-बार हाथ धोएं और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। श्री बेनल ने निर्देश दिये कि सभी आवश्यक तैयारियां रखी जायें। जरूरी सामग्री और औषधियों का पर्याप्त स्टॉक रखना सुनिश्चित किया जाये। सप्लाई चेन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। आर.आर.पी. दल को प्रशिक्षित किया जाये। बताया गया कि शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में सेम्पलिंग और जांच की पर्याप्त व्यवस्था है।

सतर्क रहें... घबराएं नहीं- वर्तमान में मौसम के बदलाव के कारण विभिन्न तरह के वायरस आदि से श्वसन संबंधी बीमारियां दृष्टिगत हो रही हैं। ओमिक्रॉन के वर्तमान में प्रचलित वैरियंट के सर्कुलेशन में है। जिससे खांसी, गले में खराश के साथ हल्की बीमारी के लक्षण जैसे बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में दर्द जैसे सामान्य लक्षण दिखाई देते हैं।

जागरूक नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं एवं जनता के हित में सामाजिक दूरी बनाकर रखें। हाथ धोने संबंधी व्यवहार को जीवन का अंग बनाए एवं सार्वजनिक स्थानों पर रुकें नहीं। बुजुर्ग एवं सहरुग्णता वाले व्यक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता कम रखने वाले व्यक्ति कम हवादार या भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो मास्क का उपयोग करें। तीव्र श्वसन रोग के लक्षण वाले व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की निगरानी स्वयं कर सकते हैं। यदि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो तो और ऐसे लक्षणों में वृद्धि दिखाई दे तो वे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों पर तत्काल पहुँचे।

## मेट्रो में 75% छूट के साथ कर सकेंगे यात्रा, 30 रुपए का टिकट मिलेगा 5 रुपए में



इंदौर। शहर में मेट्रो का 31 मई से शुरू हुआ एक हफ्ते का मुफ्त सफर शनिवार को खत्म हुआ। मेट्रो का इंदौरियों ने दिल खोलकर स्वागत किया। इस पूरे हफ्ते में कुल 1 लाख 68 हजार 258 यात्रियों ने सफर किया। बीते आखिरी दिन भी 19 हजार 798 लोगों ने मेट्रो में यात्रा की। रविवार यानी आज से यात्रियों को अब निश्चित किराए में 75 प्रतिशत छूट के साथ टिकट खरीदकर सफर करना होगा।

5 से 8 रुपए का मिलेगा टिकट- एमपीएमआरसीएल ने देवी अहिल्या बाई होल्कर टर्मिनल (गांधी नगर) से वीरांगना झलकारी बाई स्टेशन (सुपर कॉरिडोर स्टेशन नं. 3) तक 5.8 तक के सफर के लिए 30 रुपए किराया निर्धारित किया है, जबकि छूट के बाद यात्रियों को न्यूनतम 5 रुपए और अधिकतम 8 रुपए किराया देकर टिकट खरीदना होगा।

मेट्रो अधिकारियों ने कमर्शियल रन को लेकर जरूरी निर्देश दिए है। इसमें यात्रियों को मेट्रो में सफर से पहले फिजिकल चेकिंग, मेटल डिटेक्टर, एक्सरे मशीन से स्कैनिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। पहले मुफ्त सफर में यात्रियों को अपडाउन के लिए केवल एक ही टिकट लेना पड़ता था, लेकिन अब दोनों तरफ अपडाउन पर दोनों स्टेशन से टिकट खरीदना होगा। बिना टिकट सफर करने पर पेनल्टी भी वसूली जाएगी।


## गांव की अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कार्य कर रही है सरमी दीदी



धार। सरमी दीदी का जन्म एक गरीब परिवार में होने के बावजूद इनके माता-पिता ने इनकी शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए 12 वीं कक्षा तक पढ़ाया और इसके बाद सरमी दीदी का विवाह ग्राम आगर में कर दिया गया। ग्राम में रोजगार के रूप में सिर्फ बाग प्रिंट कारखाने ने में प्रिंटिंग का कार्य दैनिक मजदूरी करके अपने परिवार का गुजारा कर रहे थे। 2017 में समूह संगठन से जुड़ कर छोटे बड़े ऋण लेकर अपना कार्य करते थे। इसके पश्चात आजीविका मिशन में प्रशिक्षणों में जाने के बाद उन्हें बाग प्रिंट का काम शुरू करने का विचार आया। इसके लिये समूह की दीदीयों का बाग प्रिंट के लिये चयन किया एवं उन्हें आजीविका मिशन के माध्यम से एक माह का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें प्रिंट से सम्बन्धित सारे कार्य को करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके बाद सरमी दीदी के द्वारा अपने ग्राम में ही कच्चे झोपडे में बाग प्रिंट का काम चालू किया।

# फोटोग्राफर की आत्महत्या से सब हैरान, शादी के एक साल बाद उठाया खौफनाक कदम

इंदौर। इंदौर के स्कीम नंबर 78 में रहने वाले 24 वर्षीय फोटोग्राफर संदीप सोनिया ने शनिवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह अपने पिता के साथ घर पर अकेला था। पुलिस के अनुसार, संदीप ने घर की ऊपरी मंजिल पर फंदा लगाकर जान दे दी। रात में जब पिता मनोहर ऊपर पहुंचे तो बेटे को लटका पाया। परिजन तत्काल उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नहीं मिला सुसाइड नोट, मोबाइल की होगी जांच- पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। लसूडिया थाना पुलिस संदीप के मोबाइल की जांच करेगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने आखिरी बार किससे बात की थी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं किसी पारिवारिक तनाव के चलते तो उसने यह कदम नहीं उठाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।



पत्नी मायके में, मां राजस्थान में रिश्तेदारों के पास- परिवार वालों के अनुसार, संदीप की शादी को करीब एक साल हुआ था और उसकी पत्नी इन दिनों उज्जैन में अपने मायके में रह रही है। वहीं, उसकी मां भी राजस्थान में अपने रिश्तेदारों के पास गई हुई थीं।

# शिलांग में लापता सोनम रघुवंशी यूपी के गाजीपुर में मिली, भाई को किया वीडियो कॉल

इंदौर। शिलांग में पति राजा रघुवंशी के साथ लापता हुई सोनम रघुवंशी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में मिल गई है। सोनम ने अपने भाई गोविंद को रात दो बजे वीडियो कॉल करके इसकी जानकारी दी। मेघायल पुलिस के अनुसार सोनम ने ही अपने पति राजा की हत्या करवाई है, इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में एक आरोपी की तलाश जारी है।



2 जून को सोनम के पति राजा रघुवंशी का शिलांग के पास खाई में शव मिला था। गोविंद ने सोनम के मिलने की जानकारी राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी को भी फोन करके दी है।

जानकारी के मुताबिक गाजीपुर पुलिस को सोनम एक ढाबे के पास मिली थी। उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। इधर शिलांग पुलिस और सोनम के भाई गोविंद गाजीपुर के लिए रवाना हो गए हैं।


सोनम को गिरफ्तार किया गया- मेघायल के डीजीपी ने इस बात की जानकारी दी कि सोनम सहित चार लोगों को राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सोनम ने राजा की हत्या की सुपारी दी थी।

## तीसरा स्वास्थ्य शिविर सोमवार 9 जून को सीएम राइज स्कूल नंदानगर में

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा इंदौर में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में तीसरा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 9 जून को सीएम राइज स्कूल नंदानगर में होगा। इसके बाद के शिविर शासकीय कन्या विद्यालय अहिल्या नगर, कनकेश्वरी स्कूल नंदानगर, एडवांस एकेडमी निपानिया, जिला अस्पताल धार रोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाणगंगा, यूपीएचसी गुमाश्ता नगर, पीएचसी स्कूल बिचौली हप्सी, खजराना गणेश मंदिर, यूपीएचसी खजराना और गांधी हॉल में आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पहला शिविर सन्मति स्कूल और दूसरा शिविर बाल विनय मंदिर स्कूल में आयोजित किया गया था। शिविर में लोगों की हार्ट, लिवर, कैंसर, टीबी, हड्डी एवं गठिया रोग, दंत रोग, नेत्र रोगों आदि से जुड़ी जाँचें की जायेगी। शिविर में नागरिकों के खून की जांच, फाइब्रोस्कैन, ईको, चेस्ट एक्सरे, ईसीजी, मैमोग्राफी, पेपस्मियर, टीबी चेस्ट स्क्रीनिंग, कैंसर स्क्रीनिंग, पल्मोनरी, रूमेटोलॉजी आदि जांचें निःशुल्क की जायेंगी। विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का निःशुल्क उपचार करेंगे।

# इंस्टाग्राम फ्रेंड बना दरिंदा, सड़क किनारे किया दुष्कर्म

इंदौर। इंदौर के बाणगंगा इलाके में रहने वाली एक 18 वर्षीय तलाकशुदा युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रवि पुत्र हीरालाल यादव, निवासी ग्राम जाख्या, के खिलाफ बलात्कार और शादी के नाम पर धोखा देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की रवि से इंस्टाग्राम पर 2024 में दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर बातचीत होती रही। इस दौरान रवि ने युवती से कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है, जिस पर युवती ने अपनी तलाकशुदा स्थिति बताई। रवि ने इसे कोई आपत्ति नहीं बताई और विश्वास दिलाया कि वह फिर भी शादी करेगा।



होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म- युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि 12 जनवरी को रवि ने उसे घूमाने के बहाने बुलाया और होटल ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसने विवाह की बात टाल दी। मन रखने के लिए रवि ने कुछ मुलाकातों में मांग भर दी, लेकिन किसी तरह की वैध या धार्मिक रीति-रिवाज से शादी नहीं की गई। यह युवती के साथ भावनात्मक और शारीरिक दोनों ही स्तरों पर धोखा था।

दूसरी बार सड़क किनारे की जबरदस्ती- पीड़िता ने आगे बताया कि 31 मई को रवि ने उसे लवकुश चौराहे पर मिलने बुलाया और अपनी गाड़ी से रूक्र0 सर्विस रोड ले गया, जहां एक बार फिर जबरन संबंध बनाए। जब युवती ने विवाह की बात की, तो रवि ने उसे रैपिडो बुक कर घर भेज दिया और बाद में उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। आरोपी के इस व्यवहार से पीड़िता मानसिक रूप से टूट गई।

## धार जिले के नरेंद्र राठौर अपनी नई पहल से बने प्रदेश के सफल कृषक



धार। प्रदेश के लिए एक उत्तम उदाहरण है धार जिले के जिले के ग्राम लबरावदा के कृषक नरेंद्रसिंह राठौर जिन्होंने अपनी खुद की स्वेच्छा से जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया है जो उनके लिए एक सफल प्रयास रहा। वे पिछले एक दशक से विषम परिस्थितियों में भी जैविक खेती करते आ रहे हैं। जैविक खेती के लिए उन्हें उत्तम कृषक का अवार्ड में मिल चुका है। इनके सामने उन्होंने तमाम विपरीत परिस्थितियां आने के बाद भी हार नहीं मानी। उसका नतीजा यह कि आज गुजरात से लेकर दक्षिण भारत के कुछ शहरों में फार्मर फ्रेंड यानी किसान मित्र माने जाने लगा है।



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशुनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं ! भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर पौधारोपण करें जिससे भविष्य में मार्ग पर छाव रहें और श्रद्धालुओं को यात्रा में सुगमता हो - कलेक्टर

## कलेक्टर ने समयावधी पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

उज्जैन । कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा सोमवार को समयावधी पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने बैठक में एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधा रोपण की कार्ययोजना जिला पंचायत के द्वारा बनाई जाए। पौधों की गुणवत्ता अच्छी होने के साथ साथ रोपण के पश्चात समय समय पर फोलोअप लिया जाए। पौधारोपण के पश्चात पौधों के बड़े होने तक उनका विशेष ध्यान रखा जाए। पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर पौधारोपण करें जिससे भविष्य में मार्ग पर छाव रहें और श्रद्धालुओं को यात्रा में सुगमता हो।



कलेक्टर द्वारा विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों के तहत बनाई गई कार्ययोजनाओं की प्रगति के सम्बंध में विस्तृत रूप से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग को क्षिप्रा नदी के तट पर पौधारोपण करने के लिए कार्ययोजना बनाकर भोपाल प्रेषित करने के निर्देश दिए गए साथ ही पौधे उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग की तहसीलवार लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गुरुवार को सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की पुनः समीक्षा की जाएगी। समग्र ई केवायसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पंचायत स्तर पर इसे एक अभियान के रूप में चलाया जाकर कार्य को पुर्ण करें। बड़नगर में समग्र ईकेवायसी में अच्छा कार्य होने पर सीईओ जनपद पंचायत बड़नगर की प्रशंसा की गई। नगर पालिका निगम को प्रतिदिन कम से कम 20 हजार समग्र ईकेवायसी करने का लक्ष्य लेकर काम करने के निर्देश दिए। नगर निगत पार्षदों को ओनबोर्ड कर समग्र ईकेवायसी का कार्य समय सीमा में पुर्ण करने के लिए कहा गया। हिट एण्ड रन मामलों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम इस और विशेष ध्यान दें कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि शिक्षा पोर्टल पर शिक्षकों की ई अटेंडेंस के साथ विद्यार्थीयों की अटेंडेंस भी ली जाएगी। पोर्टल में तकनिकी परेशानी आने पर तुरंत उसे फलेग किया जाए। विकसित कृषि संकल्प यात्रा की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई की अब तक 70 ग्राम पंचायतों में यह यात्रा निकाली जा चुकी है। यात्रा में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित महत्वपुर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा की यात्रा में सरपंच, पंच, जनपद सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। यात्रा की जानकारी भी समय पर पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए।

# श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर में प्रारंभ हुआ श्री शिव पर्जन्य महारुद्राभिषेक



उज्जैन। श्री अखण्ड ब्रम्हाधिपति देवाधिदेव महादेव की अनंत कृपा से चराचर जगत के पालन हेतु जीवनदायी अमृत वृष्टि की प्राप्ति हेतु विश्व कल्याणार्थ त्रिदिवसीय श्री शिव पर्जन्य महारूद्राभिषेक का विशेष अनुष्ठान अवन्तिका तीर्थ में 9 जून से प्रारंभ हुआ।

पुष्पम् सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित यह अनुष्ठान शिप्रा तट स्थित श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर, सिद्ध आश्रम में विद्वान वेदज्ञ ब्राह्मणों द्वारा किया जा रहा है। पुष्पम् सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रघुवंशी (बल्ली काका) ने बताया कि प्रथम दिवस सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं का आवाहन कर उन्हें मंडलों पर विराजमान करवा कर उनका पूजा अर्चन किया गया। तत्पश्चात मां शिप्रा के जल से भगवान पारदेश्वर महादेव पर सहस्त्र धाराओं द्वारा महा रुद्राभिषेक प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में चिंतामन गणेश मंदिर पुजारी गणेश गुरुजी, सिद्धाश्रम महंत, योगेश गब्बर भाटी, गोविंद माली (दादू), जितेन्द्र कुमावत, रवि रघुवंशी, प्रवीण ठक्कर, विक्रम सिंह, प्रतीक रघुवंशी, कार्तिक शर्मा, अमर दुबे, जयंत राठौड़ अमन दुबे, राज राठौड़, अग्नि नंदन गामोठ, निलेश जादम, राहुल वाल्मिक सहित समस्त पुष्पम सामाजिक सेवा समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# उज्जैन के मोहित का एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक पद पर चयन



उज्जैन। उर्दूपुरा निवासी मोहित नागर का डचचेब सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हुआ। मोहित ने लिखित परीक्षा में 620/800 अंक तथा साक्षात्कार में 85/100 अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मोहित ने जनवरी 2024 में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में जूनियर रिसर्च फेलोशिप में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए थे। दो राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास की थी। वहीं मोहित वर्तमान में विक्रम विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। मोहित के पिता स्व. निमेष नागर भी शिक्षक रहे हैं वहीं माताजी श्रीमती संगीता नागर भी गोयला बुजुर्ग में प्राथमिक शिक्षक है।

# महंतो को कुत्ता कहने पर भड़के उज्जैन के साधु, युगपुरुष परमानंद महाराज का फूंका पुतला



उज्जैन। महंतो को कुत्ता कहने पर आक्रोशित उज्जैन के साधुओं ने युगपुरुष परमानंद महाराज का पुतला दहन किया।

हरिद्वार के कार्यक्रम में देश के महंतो की तुलना कुत्तों से करने को लेकर देशभर का साधु समाज आक्रोश में है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष भी विरोध जता चुके हैं। वहीं श्री श्री पंच दशनाम आव्हान अखाड़े के महामंत्री सत्यागिरी महाराज भी रोष व्यक्त कर चुके हैं। सोमवार को उज्जैन के साधु संतों ने शंकराचार्य चौराहा पर समंदर गिरीजी महाराज आनंद अखाड़ा, नाथजी महाराज, विजय भारतीजी महाराज जूना अखाड़ा, राम गल सरस्वती, महंत सुरेश्वरानंद पूरी पंचायती श्री निरंजन अखाड़ा, रणजीतपुरी महाराज सहित साधु संतों ने युग पुरुष परमानंद महाराज का पुतला फूंका।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता संगठन की रीढ की हड्डी- रागिनी नायक

उज्जैन। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता और शहर कांग्रेस की पर्यवेक्षक रागिनी नायक ने शहर कांग्रेस कार्यालय में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की। स्व. राजीव गांधी और आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और वन्दे मातरम् से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। रागिनी नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी हैं। प्रभारी रागिनी नायक ने किस प्रकार संगठन का सृजन करना, इस पर सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शित किया। किस प्रकार से सबसे कुशल व्यक्ति को संगठन की बागडोर दी जाए, इस संबंध में सभी कार्यकर्ताओं से सलाह की जाएगी। वरिष्ठ नेताओं का भी मार्गदर्शन लिया जाएगा और एक पैनल बनाया जाएगा। विधायक महेश परमार ने कहा कि उज्जैन संगठन सबसे अच्छा काम कर रहा है। लगातार




कार्यकर्ताओं, जनता के मुद्दे हम लोग उठा रहे हैं। लैंड पूलिंग बिल पर हम लोग सब मिलकर के सरकार का विरोध कर रहे है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि उज्जैन शहर में समस्त कार्यकर्ता साथियों का सहयोग मिल रहा है और वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन जिससे हम सभी शहर के होने वाले कार्यक्रमों को सफलता और संगठन को मजबूती मिल रही है। बैठक को शहर कांग्रेस प्रभारी अमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रदेश कांग्रेस और प्रभारी के द्वारा चयन किया जाएगा।

बैठक में राजा चोकसे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्य नारायण पंवार, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, आज़ाद यादव, अजीत सिंह ठाकुर, चेतन यादव, रवि भदौरिया, विवेक यादव, माया त्रिवेदी, प्रकाश सोलंकी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अनेक कार्यकर्ता ने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रतिभा रघुवंशी, मनोहर बैरागी, डॉ बटुक शंकर जोशी, अनंतनारायण मीणा, करण कुमेरिया, महेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष अभीषेक शर्मा, वीरेंद्र गोसर, श्रवन शर्मा, मुजीब सुपारी, रमेश परिहार, हेमंत गोमे, सतीश मरमट, पार्षद सपना सांखला, परमानंद मालवीय, प्रेमलता रामी, अर्पित दुबे, सादिक कुरेशी, फिरोज़ पठान, मनीष शर्मा, देवेन्द्र पाटनी, लकी ठाकुर, सलीम भाई, रफीक भाई, संचित शर्मा, दिपेश जैन, फिरोज़ भारती, वीरेंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, राकेश गिरजे, राहुल भाटी, अशोक उदयवाल, सोनिया ठाकुर, स्वाती सिंह, अंजू जटवा, कल्पना कुंभारे, नीलम विश्वास, ऊषा मालवीय, मदीना अली सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का जन गण मन गान के साथ समापन हुआ। संचालन देवव्रत यादव ने किया और आभार संगठन मंत्री अजय राठौर ने माना।

# माधव सेवा न्यास में लगा वृहद रक्तदान शिविर



उज्जैन। माधव सेवा न्यास द्वारा प्रतिवर्ष 9 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर संयोजक कैलाश सोनी ने बताया कि माधव सेवा न्यास के संस्थापक अध्यक्ष स्व. अशोक खंडेलवाल की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए न्यास द्वारा प्रतिवर्ष 9 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष आयोजित शिविर में 90 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ, जिसे जिला चिकित्सालय के रक्तकोष में जमा करवाया गया। माधव सेवा न्यास के सेवा कार्यों से प्रेरित होकर, महाकाल दर्शन हेतु जयपुर से आई एक महिला ने भी रक्तदान शिविर में रक्तदान किया साथ ही उदयपुर में रहने वाले खंडेलवाल परिवार के परिजनों ने अपना रक्तदान देकर इस वृहद रक्तदान शिविर में सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. पंकज गुप्ता ने रक्तदान के संबंध में अनेक तकनीकी जानकारीयां दी। कार्यक्रम में नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं राजेंद्र शर्मा, सर्वोदय सेठी, पंकज घाटिया, किशोर खंडेलवाल व शिविर में सेवा देने वाले जिला चिकित्सालय के चिकित्साकर्मियों का न्यास द्वारा सम्मान किया गया। अध्यक्षता राजेश पाटीदार ने की और कार्यक्रम की भूमिका रितेश सोनी द्वारा रखी गई। संचालन अजय उपाध्याय का रहा तथा आभार कैलाश सोनी ने व्यक्त किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com